भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2963**
05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

पुरुष और महिला के बीच मजदूरी का अंतर

2963. एडवोकेट चन्द्र शेखरः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में दर्ज किए गए नैमित्तिक श्रम और नियमित मजदूरी रोजगार में पुरुष और महिला कामगारों के बीच वर्तमान में औसत दैनिक मजदूरी का अंतर क्या है,

(ख) क्या सरकार ने सरकारी श्रम बल के आंकड़ों में महिलाओं के अवैतनिक और सहायक आर्थिक कार्यकलापों के सांख्यिकीय मापन में सुधार करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का नियमित अंतराल पर समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) कराने और इसके निष्कर्षों का उपयोग राष्ट्रीय सांख्यिकीय लेखों को सुदृद्ध करने के लिए करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) देश में विभिन्न श्रम बाजार संकेतकों का अनुमान लगाने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करता है। पीएलएफएस 2025 की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर, अखिल भारतीय स्तर पर लिंग (पुरुष, महिला, अन्य) के अनुसार विभाजित नियमित मजदूरी/ वेतन रोजगार (पिछले कैलेंडर माह में सीडब्ल्यूएस आधार पर) और सार्वजनिक कार्यों को छोड़कर अन्य अनियमित श्रम (प्रति दिन सीडब्ल्यूएस आधार पर) के औसत मजदूरी आय के अनुमान तालिका में दिए गए हैं:

| **तालिका: पीएलएफएस 2025 से अखिल भारतीय स्तर पर लिंग (पुरुष, महिला, अन्य) द्वारा विभाजित औसत मजदूरी का अनुमान (रुपये में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **रोजगार में स्थिति** | **पुरुष** | **महिला** | **अन्य** |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| नियमित मजदूरी/वेतनभोगी रोजगार | 24,217 | 18,353 | 22,699 |
| आकस्मिक श्रमिक | 489 | 324 | 453 |

(ख): पीएलएफएस किसी व्यक्ति की सामान्य मुख्य कार्यकलाप के साथ-साथ संदर्भ अवधि के दौरान की गई किसी भी सहायक आर्थिक कार्यकलाप की सूचना एकत्र करता है। पीएलएफएस के अनुसार, जो व्यक्ति घरेलू कृषि या गैर-कृषि कार्यकलाप में आर्थिक कार्यकलाप के संचालन में सहायता करते हैं, उन्हें कैप्चर किया जाता है और उनकी कार्यकलाप की स्थिति को अवैतनिक सहायक या योगदान देने वाले पारिवारिक श्रमिक कहा जाता है। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय महिलाओं और पुरुषों की सवेतन तथा अवैतनिक कार्यकलापों में भागीदारी का आकलन करने के लिए समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस) भी संचालित करता है।

(ग): एमओएसपीआई ने क्रमशः जनवरी-दिसंबर 2019 और जनवरी-दिसंबर 2024 के दौरान टीयूएस के दो दौर आयोजित किए हैं। घरेलू सदस्यों द्वारा अवैतनिक देखभाल संबंधी कार्यों, स्वैच्छिक कार्यों तथा अवैतनिक घरेलू सेवा-उत्पादक कार्यों पर व्यय किए गए समय के संबंध में जानकारी का यह सर्वेक्षण एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है। इसके साथ ही, यह सर्वेक्षण घरेलू सदस्यों द्वारा अध्ययन, सामाजिक मेल-मिलाप, अवकाश संबंधी कार्यों, स्वयं की देखभाल संबंधी कार्यों आदि पर व्यय किए गए समय के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराता है।

*****